झारखंड स्थापना दिवस को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



देवघर (आससे)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में झारखंड स्थापना दिवस समारोह-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए।

इसके अलावा समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 नवंबर को सुबह 07:00 बजे से स्थानीय इंडोर स्टेडियम से जलसार तालाब तक 'ऋह्वठु स्नशह ष्टद्यदृड्ढुठ्ठद्यद्बठ्ठद्गह्वह्य' के तहत एक विशेष दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ के साथ-साथ जलसार तालाब एवं अन्य छठ घाटों पर विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभागों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा गया है। उपायुक्त ने इस स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने पर बल देते हुए निर्देश दिया कि कार्यक्रम में सभी अधिकारियों के अलावा स्कूली बच्चों, आम नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि स्वच्छता और जागरूकता का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँच सके।

बैठक के माध्यम से उपायुक्त ने सभी जिलावासियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे 15 नवंबर को सुबह 07:00 बजे इंडोर स्टेडियम पहुँचकर इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें और अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में योगदान दें। इस दौरान उपरोक्त के अलावा अपर नगर आयुक्त श्री रजनीश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

छठ व्रतियों की सुविधा के लिए नगर निगम ने की तैयारी पूर्ण



देवघर (आससे)। शनिवार को देवघर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रमुख छठ घाटों एवं तालाबों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी छठ घाटों, सीढ़ियों और पहुंच पथों की युद्धस्तर पर साफ-सफाई एवं पानी से धुलाई कर उन्हें पूरी तरह स्वच्छ बनाया जाए।

व्रतियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर बांस-बल्ली व रस्सी से मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। इसके अतिरिक्त खतरा! सावधान आगे गहरा पानी है के चेतावनी बोर्ड लगाने के साथ-साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से घाटों पर नावों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए घाटों एवं संपर्क मार्गों पर पर्याप्त रोशनी हेतु लाइटों की व्यवस्था, स्वागत के लिए आकर्षक तोरण द्वार (गेट), पंडाल तथा महिला कर्मियों को महापर्व के दौरान निर्बाध रूप से साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



देवघर (आससे)। पुलिस अधीक्षक देवघर, प्रवीण पुष्कर (भा.पु.से.) के आदेशानुसार साईबर अपराधियों के विरुद्ध की जा रही लगातार कार्रवाई के आलोक में वरीय पुलिस उपाधीक्षक, साइबर अपराध, देवघर कैलाश प्रसाद महतो के निर्देश में दिनांक 13.11.2026 को 02 (दो) साईबर अपराधकर्मी को साइबर अपराध कारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर देवघर जिला अन्तर्गत सोनारायठाढीं थाना क्षेत्र में कुछ संदिग्ध साइबर अपराधी द्वारा फर्जी तरीके से Apk File से जैसे आरटीओ चालान/पीएम किसान योजना/पीएम आवास योजना के नाम पर फर्जी मोबाइल नंबरों का उपयोग कर लोगों को झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की जा रही थी। उक्त सूचना के आलोक में छापामारी कर 02 (दो) साइबर अपराधकर्मी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के पास से बरामद मोबाइल फोन/सिम के प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी में संलिप्तता पाई गई है। अपराधिक इतिहास अभियुक्त पवन मंडल उम्र 36 वर्ष, पिता-स्व. रामजीवन मंडल, सा. जरका चंदना थाना-सोनारायठाडी जिला-देवघर -देवधर पूर्व में साइबर थाना काण्ड सं0-52/23 में आरोप पत्रित है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-मण्डल उम्र-38 वर्ष, पिता स्व. रामजीवन मंडल, सा.-जरका चंदना। थाना-सोनारायठाडी जिला-देवघर राहूल कुमार मण्डल उम्र-29 वर्ष, पिता-राजनारायण मंडल, सा. भीखोडीह, थाना-सोनारायठाडी जिला-देवघर। गिरफ्तार अभियुक्तों की अपराध शैली- फर्जी तरीके से श्रद्धा स्नद्गद्यद्द से जैसे आर.टी.ओ. चालान / पी.एम. किसान योजना/पी.एम. आवास योजना के नाम पर फर्जी मोबाइल नंबरों का उपयोग कर लोगों को झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करना।

गिरफ्तार अभियुक्त के पास से बरामद सामानों की विवरणी-मोबाइल फोन - 02 सिम कार्ड - 03, छापामारी दल-1. पु.अ.नि. रोहित कुमार दांगी, थाना प्रभारी, सोनारायठाढी थाना, देवघर 2. सअनि तबरेज अंसारी सोनारायठाढी थाना, देवघर एवं थाना पुलिस टीम।

बाल दिवस पर कांग्रेस ने छात्रों को बांटा कॉपी, कलम



देवघर (आससे)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मार्गो मुंडा प्रखंड स्थित मार्गो मुंडा पंचायत के मार्गो मुंडा गांव के एसआरके मिशन स्कूल में मनाई गई।

उक्त अवसर पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव सह इंटक के संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार, कांग्रेस नेता रमाकांत यादव, देवघर जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी के अध्यक्ष विकास राउत, देवघर जिला इंटक के सचिव सदाशिव राणा, स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज पंडित ,स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में बबलू कुमार, कुसुम कुमारी, नरेश कुमार , शिवानी कुमारी, किशोर कुमार तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाल दिवस (14 नवंबर) के अवसर पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव सह इंटक के संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार , रमाकांत यादव ,विकास राउत, सदाशिव राणा एवं मनोज पंडित द्वारा मार्गो मुंडा प्रखंड स्थित मार्गो मुंडा पंचायत के मार्गो मुंडा गांव के एसआरके मिशन स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के बीच कॉपी, कलम एवं टाफी का वितरण किया गया।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस इंटक के प्रदेश सचिव सह इंटक के संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि नेहरू के विश्व शांति सह अस्तित्व जैसे सिद्धांतों को अपनाकर न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के अन्य राष्ट्रों ने भी अपने को सुख, शांति एवं समृद्धि के शिखर पर पहुंचाया मगर दुर्भाग्यवश आज राष्ट्रों में प्रतिस्पर्धा के कारण वह अपना सिद्धांत एवं अपनी पहचान होता जा रहा है। आज विश्व के अन्य देशों में घट रहे घटनाक्रम को देखते हुए यह स्पष्ट परीलिक्षित होता है कि वर्तमान परिपेक्ष्य में नेहरू के सिद्धांत सारे राष्ट्र के लिए कितने प्रासंगिक बन गए हैं। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं की पंडित नेहरू विश्व शांति, मानव मैत्री एवं राजनीतिक मूल्यों के अग्रदूत थे।

कांग्रेस नेता रमाकांत यादव ने कहा कि जरूरत है युद्ध के अनुवाद में भूल मटके उन राष्ट्रों को नेहरू के सिद्धांतों को अपनाने की ताकि विश्व फिर से रहने योग्य बन सके।देवघर जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी के अध्यक्ष विकास राउत ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में पंडित नेहरू के सिद्धांत सारे राष्ट्रों के लिए प्रसंग प्रासंगिक है उनके बताएं रास्ते पर चलकर ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पंडित ने कहा कि देश में धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद एवं लोकतंत्र लाने में पंडित नेहरू की भूमिका प्रमुख रही है। देवघर जिला इंटक के जिला सचिव सदाशिव राणा ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रधानमंत्रीत्व कल में राष्ट्र को उन्नति के एक नए शिखर पर न सिर्फ स्थापित किया बल्कि विश्व के अन्य देशों के बीच प्रतिस्थापित किया। उनके अमूल्य योगदान को यह देश सदैव याद रखेगा।

महंगाई रोकने के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार निकम्मी



देवघर (आससे)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन पर मध्यवर्गीय एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को महंगाई का नायाब तोहफा देकर उनके ऊपर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। श्री कुमार ने कहा कि महंगाई के चलते त्योहारी सीजन में आम आदमी की रसोई के बजट को गहरा झटका लगा है। खाने पीने की जरूरी चीजों की कीमतें चरम पर तो है ही मगर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर केंद्र सरकार ने बच्चों, बुजुर्गों एवं अन्य लोगों की जरूरतों पर भी चोट पहुंचाई है क्योंकि दूध एक ऐसा उत्पाद है जिसकी खपत कम करना किसी भी परिवार के लिए आसान नहीं होता। श्री कुमार ने कहा कि यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि केंद्र सरकार महंगाई रोकने के मामले में बिल्कुल ही निकम्मी साबित हुई है।

आज नगर निगम आयोजित करेगा रन फॉर स्वच्छता मैराथन

देवघर(आससे)। झारखण्ड स्थापना दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर जलाशयों एवं घाटों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से देवघर नगर निगम द्वारा %रन फॉर स्वच्छता मैराथन एवं विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त, देवघर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह विशेष अभियान दिनांक 15 नवंबर 2026 (रविवार) को प्रातः 06:30 बजे से प्रारंभ होगा। इसके अंतर्गत %रन फॉर स्वच्छता मैराथन% का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम, देवघर से किया जाएगा, जो निर्धारित मार्ग से होते हुए जलसार तालाब तक जाएगी। इस मैराथन में माननीय महापौर, उपमहापौर, नगर आयुक्त सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारीगण शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर के पाँच प्रमुख जलाशयों एवं घाटों— जलसार तालाब, शिवगंगा तालाब, नंदन पहाड़ तालाब, मंगल तालाब तथा डढ़वा नदी घाट पर युद्धस्तर पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा।

देवघर नगर निगम शहर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं (ह्वह्वह्य), सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से सादर अपील करता है कि वे इस %रन फॉर स्वच्छता मैराथन% और स्वच्छता महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें तथा बाबा नगरी देवघर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

पूर्व रेलवे

निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488, दिनांकः 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर-झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488। कार्य का नामः** कैरिज एवं वैगन विभाग के अंतर्गत धरहरा, मालदा स्थित ओपीडी ब्लॉक के उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा शयनशाला (डॉर्मिटरी) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 46,27,305.68; **धरोहर राशिः** ₹ 92,600.00; निविदा दस्तावेज का शुल्कः शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अवधिः** 18.11.2026 से 02.12.2026 को 15:30 बजे तक। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट का विवरणः- वेबसाइटः www.ireps.gov.in**, सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/पूर्व रेलवे/कार्यालय/मालदा टाउन।** सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें। किसी भी परिस्थिति में हस्तचालित अथवा ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। MLD-248/2026-27

निविदा सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैः www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें लाइक करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पिछले 26 वर्षों में झारखंड ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की

देवघर (आससे)। 15 नवंबर 2000 का दिन भारतीय इतिहास और विशेषकर आदिवासी जनमानस के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ था, जब लंबे संघर्ष, बलिदान और जनआंदोलनों के बाद बिहार के दक्षिणी हिस्से को अलग कर झारखंड के रूप में एक नए राज्य का सृजन किया गया। मौके पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त, स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा- वर्ष 2026 में झारखंड अपने गठन के 26 वर्ष पूरे कर चुका है। इस वर्ष का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राज्य की अब तक की विकास यात्रा, सामाजिक-सांस्कृतिक सशक्तिकरण और भविष्य की संभावनाओं के मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण अवसर है। झारखंड का यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के लिए जाना जाता रहा है। पाषाण काल से लेकर मौर्य, गुप्त और मध्यकालीन शासकों के प्रभाव से गुजरते हुए यह क्षेत्र हमेशा से विविधता का केंद्र रहा। औपनिवेशिक शासन के दौरान ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ यहां के आदिवासियों ने हूल क्रांति और उग्र संघर्ष किए। भगवान बिरसा मुंडा, जिनका जन्मदिवस 15 नवंबर है, ने इस माटी को उलगुलान (क्रांति) की नई दिशा दी। बीसवीं सदी की शुरुआत से ही अलग प्रशासनिक इकाई और अस्मिता की रक्षा के लिए जो राजनीतिक चेतना जागृत हुई, उसने आगे चलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), आजसू और विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में एक सशक्त जनआंदोल ? का रूप लिया। अंततः सन 2000 में संसद द्वारा बिहार पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद 'वन और खनिजों का प्रदेश' कहे जाने वाला झारखंड देश का 28वां राज्य बना। पिछले 26 वर्षों में झारखंड ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यद्यपि शुरुआती दौर में राजनीतिक स्थिरता और प्रशासनिक ढांचे को खड़ा करने में कई चुनौतियां आईं,, तथापि समय के साथ राज्य ने हर मोर्चे पर गति पकड़ी है- आर्थिक और खनिज संपदा का सदुपयोगः देश का एक बड़ा खनिज भंडार (कोयला, लौह अयस्क, अभ्रक, यूरेनियम आदि) समेटे यह राज्य राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों का मुख्य आधार रहा है। हाल के वर्षों में खनन के साथ-साथ औद्योगिक विनिर्माण, एमएसएमई और सर्विस सेक्टर में भी राज्य ने अपनी स्थिति मजबूत की है ; ?बुनियादी ढांचा और ग्रामीण कनेक्टिविटीः राज्य के सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक सड़क, पुल-पुलियों और रेल नेटवर्क का जाल बिछाया गया है। ग्रामीण बसावटों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए हजारों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है, जिससे आवागमन और व्यापार सुगम हुआ है ; कृषि और सिंचाई विकासः ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल संरक्षण, चेक डैम निर्माण, और कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिला है। किसानों को समय पर बीज, खाद और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरी हैं ; शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरणः राज्य में पठन-पाठन का स्तर सुधारने के लिए मॉडल स्कूलों की स्थापना, उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार और छात्रवृत्ति योजनाओं का दायरा बढ़ाया गया है। महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं ; खेल और युवा प्रतिभाः झारखंड ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग खेल पहचान बनाई है। हॉकी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और क्रिकेट में यहां के बेटे-बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। सरकार की खेल नीतियों के तहत उभरती प्रतिभाओं को तराशने के लिए खेल बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास किया गया है।

इस वर्ष (2026 में) झारखंड राज्य स्थापना दिवस और वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 नवंबर से 28 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दो सप्ताह चलने वाले उत्सव की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं- %रन फॉर क्लीनलिनेस% (स्वच्छता दौड़)ः 15 नवंबर की सुबह राज्य के सभी जिलों में स्वच्छता के प्रति जन-जागृति लाने के लिए दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका समापन प्रमुख छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ हुआ ; पंचायत से राज्य स्तर तक प्रतियोगिताएंः 17 नवंबर से विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और निबंध प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हो रहा है, जिसमें पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के विजेता प्रतिभागी रांची के खेलगांव में होने वाले मुख्य समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे ; मेला-सह-प्रदर्शनी और सांस्कृतिक संध्याः रांची के खेलगांव में 26 से 28 नवंबर तक तीन दिवसीय भव्य मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसमें झारखंड की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों की झलक देखने को मिलेगी ; योजनाओं का लोकार्पण और परिसंपत्ति वितरणः 28 नवंबर को मुख्य समारोह के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा तथा योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण होगा। साथ ही, शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

आज जब झारखंड अपनी स्थापना की रजत जयंती पार कर आगे बढ़ रहा है, तो इसके समक्ष समावेशी विकास, पलायन रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प मुख्य है। अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक लोक-कलाओं और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बल पर झारखंड आज देश के अग्रणी और प्रगतिशील राज्यों की पंक्ति में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, शादत शेख, पिता–मोजीब शेख, निवासी–नाजीरगंज, पो0–मठीला, थाना–कोरान सराय, जिला–बक्सर का निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.–**3795,** दिनांक 10.11.2026 के अनुसार **शहादत शेख** के नाम से जाना जाऊँगा।

खोया–पाया

मैं, गौरी शंकर, पिता–स्व0 भागवान दास, निवासी–शहीद गेट डुमरॉव, पो0–थाना–डुमरॉव, जिला–बक्सर, राज्य, बिहार का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार सं.–325991453281 है। आज से लगभग दो माह पूर्व घर से बक्सर जाने के क्रम में मेरा बैग बस में छुट गया था काफी खोजबीन किया परन्तु मेरा उक्त बैग मुझे नहीं मिला मेरे बैग में मेरे जमीन का कागज, जिसका खाता सं. 112 खेसरा सं. 411, 412, 413 रकबा 10.1571 डी0 का मूल कागजात था जो कि उक्त बैग के साथ ही खो गया है। **शपथ पत्र सं. 12602, दिनांक 12.10.26.**

खोया–पाया

मैं, मनोज कुमार सिंह, पिता–श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी–ग्राम–महेशडीह, थाना–नेमदारगंज, जिला–नवादा में अपने पैतृक गाँव महेशडीह छुटटी पर आया हूँ वहीं पर **DGS COC Renewal Sticker** मुझे भारतीय डाक द्वारा प्राप्त हुआ था, मैं उस दस्तावेज को ग्राम महेशडीह से नेमदारगंज जाने के क्रम में कहीं गिर गया काफी खोजबीन किया लेकिन मेरा कागज नहीं मिल पाया। INDOS No.-01LL1219, COC.No.-ETO-01452,CDC No.-Mum-92812.

सनहा सं. **S.D.E.no-259/26 07/11/26**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

डीएम-एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिये निर्देश



नवादा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों की सुविधा, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से रजौली नगर पंचायत अंतर्गत राज शिव मंदिर स्थित धनार्जय छठ घाट तथा नारदीगंज प्रखंड स्थित छठ घाट, हड़िया का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम रजौली नगर पंचायत अंतर्गत राज शिव मंदिर स्थित धनार्जय छठ घाट का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, रजौली को घाट पर अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने को कहा।

पदाधिकारियों ने छठ घाट का किया निरीक्षण

सिरदला (नवादा) (संसू)। छठ महापर्व को लेकर सिरदला प्रखंड क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में धिरौन्ध पंचायत स्थित जमुगांय छठ घाट का प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद, स्वच्छता पदाधिकारी एवं पंचायत के मुखिया लखि नारायण गुप्ता, उप मुखिया सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने छठ घाट पर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया तथा घाट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट की बेहतर सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गुड्डू कुमार भी मौजूद रहे। पदाधिकारियों के निरीक्षण से छठ घाट की व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है। प्रशासन की ओर से पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

जापानी शिक्षिका ने शुरू किया छठ व्रत

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति और धार्मिक परंपराएं अब विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में अकबरपुर प्रखंड के पिरौटा गांव में जापान की शिक्षिका काना मियामुरा ने नहाय-खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार की। बिहार की प्राचीन सूर्य उपासना परंपरा को करीब से समझने के उद्देश्य से वे विशेष रूप से जापान से यहां पहुंची हैं। पिरौटा स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर छठ के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां की धार्मिक विरासत, ग्रामीण परिवेश और छठ की परंपराओं ने जापानी शिक्षिका को खासा प्रभावित किया है। काना मियामुरा ने कहा कि छठ महापर्व की पवित्रता और अनुशासन उन्हें बेहद आकर्षित करता है। इस पर्व में सूर्य और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का अद्भुत भाव देखने को मिलता है। लोगों की सामूहिक भागीदारी और समर्पण भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। इस पर्व में शामिल होना उनके लिए एक यादगार अनुभव है।

छठ पूजा को लेकर ग्रामीणों ने सफाई की संभाली जिम्मेदारी

मेसकौर (नवादा) (संसू)। छठ महापर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में बैजनाथपुर में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और उत्साह के साथ छठ घाट की साफ-सफाई की। इस दौरान घाट परिसर में फैली गंदगी को हटाया गया तथा पानी में मौजूद कचरे की सफाई कर घाट को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि छठ महापर्व आस्था, पवित्रता और लोक आस्था का महान पर्व है। इस पर्व में स्वच्छता का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामीण मिलकर घाट की सफाई में जुटे हैं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों ने अन्य लोगों से भी छठ घाट को स्वच्छ रखने और इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर ग्रामीण नवीन कुमार, सिकंदर कुमार, पैक्स अध्यक्ष विजय शंकर सिंह, वार्ड सदस्य शतरंजन कुमार, पत्रकार चंदन कुमार, प्रभात कुमार, सतीश प्रसाद, अमरेश अंकित, प्रमोद शर्मा, महेश कुमार मोनू आदि ग्रामीण उपस्थित थें।

पूर्व रेलवे

सूचना संख्याः Sig_W_5_Policy, दिनांक 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर- झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **(i) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_25_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** (i)(A) अमृत भारत योजना के अंतर्गत जमालपुर, मुंगेर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/जमालपुर)। (B) अमृत भारत योजना के अंतर्गत साहिबगंज एवं शिवनारायणपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/साहिबगंज)। (C) अमृत भारत योजना के अंतर्गत सबौर, कहलगांव, बांका एवं गोड्डा स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/भागलपुर)। (D) अमृत भारत योजना के अंतर्गत मालदा टाउन स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/मालदा टाउन)। (E) अमृत भारत योजना के अंतर्गत न्यू फरक्का, धूलियान गंगा एवं जंगीपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/ न्यू फरक्का)। (F) वरिष्ठ मंडल अभियंता/2 के अधीन बांका एवं हंसडीहा में फुट ओवर ब्रिज (FOB) शेड का प्रावधान तथा मौजूदा स्टील संरचनाओं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज (FOB), प्लेटफॉर्म शेड आदि का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 4,36,96,943.12; **धरोहर राशिः** ₹ 8,73,900.00; **(ii) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_30_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** मालदा मंडल के रायपुर, सबौर, लैलख ममलखा, घोघा, एकचारी, कहलगांव, न्यू फरक्का एवं बल्लालपुर (एमके-II) स्टेशनों पर स्थापित WESTRACE-VLM6 (सीमेंस निर्मित) आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के लिए OEM/अधिकृत डीलर के माध्यम से 03 (तीन) वर्षों की व्यापक वार्षिक रखरखाव संविदा (CAMC), खुली निविदा के आधार पर। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 1,98,23,040.00; **धरोहर राशिः** ₹ 3,96,500.00; **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** दिनांक 16.11.2026 से 02.12.2026 को 11:00 बजे तक (दोनों निविदाओं के लिए)। **वेबसाइट एवं सूचना पट्टः-** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक भवन, मालदा।** MLD-249/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैः www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें फॉलो करें: @EasternRailway
@easternrail